सुविचार



प्रकृति अपरिमित ज्ञान का भंडार है, पत्ते-पत्ते में शिक्षापूर्ण पाठ हैं, परंतु उससे लाभ उठाने के लिए अनुभव आवश्यक है।

- हरिऔध

# अमृत विचार

बरेली महानगर

www.amritvichar.com

**बरेली के प्रमुख समाचार**

- दरोगा भर्ती परीक्षा : सीओ और इंस्पेक्टर संभालेंगे केंद्रों की कमान- II
- अग्निवीर भर्ती : सपनों के ट्रैक पर 850 नौजवान दौड़े, 600 पास - III
- सर्वर डाउन से गैस बुकिंग ठप, लगीं कतारें - IV

बरेली, शुक्रवार, 13 मार्च 2026




**इफ्तार**
गुरुवार शाम
सुन्नी : 6:23
शिया : 6:32

**सहरी**
शुक्रवार सुबह
सुन्नी : 5:02
शिया : 4:53

# बीडीए की करोड़ों की परियोजनाओं से चमकेगी 'नाथ नगरी'

## मुख्यमंत्री इसी माह शिलान्यास और लोकार्पण कर शहर को विकास की दे सकते हैं नई उड़ान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वॉटर पार्क से लेकर स्पेस म्यूजियम तक, सीएम योगी देंगे विकास को नई उड़ान
- शहरवासियों को रामायण वाटिका समेत कई परियोजनाओं की मिलेगी सौगात

**अमृत विचार :** प्रदेश के महानगरों में शुमार बरेली की सूरत पूरी तरह बदलने वाली है। मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए बीडीए ने शहर के कायाकल्प के लिए करोड़ों की परियोजनाओं के जरिये शहर को आधुनिक ग्लोबल हब बनाने का खाका तैयार कर लिया है। इस महत्वाकांक्षी योजना में प्रदेश की पहली स्व-विकसित औद्योगिक टाउनशिप और अत्याधुनिक ''स्पेस म्यूजियम'' (अंतरिक्ष संग्रहालय) आकर्षण के मुख्य केंद्र होंगे। आवासीय सुविधाएं, अत्याधुनिक मनोरंजन केंद्र समेत कई परियोजनाओं का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसी माह शिलान्यास और लोकार्पण कर शहर को विकास की नई उड़ान दे सकते हैं।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन ए. ने बताया कि प्राधिकरण की सबसे बड़ी उपलब्धि 125 हेक्टेयर भूमि पर विकसित होने वाली औद्योगिक टाउनशिप होगी। लगभग 2,800 करोड़ की लागत से बनने वाला यह प्रोजेक्ट न केवल बरेली बल्कि पूरे प्रदेश के लिए मॉडल बनेगा। इसके साथ ही, 'ग्रेटर बरेली' आवासीय योजना में निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए सेक्टर-दस में 31 करोड़ से 500 एलआईजी और 28 करोड़ की लागत से 500 ईडब्ल्यूएस भवनों का निर्माण कराया जाएगा, जिससे आम आदमी का अपने घर का सपना साकार होगा। खास बात यह है कि प्राधिकरण ने विकास के इस रोडमैप में केवल बुनियादी ढांचा ही नहीं खड़ा किया है, बल्कि पर्यटन और संस्कृति का भी विशेष ध्यान रखा गया है। रामगंगा नगर आवासीय योजना के सेक्टर-आठ में 56 करोड़ से विशाल जल मनोरंजन उद्यान, 34 करोड़ से अत्याधुनिक 'स्पेस म्यूजियम' और ग्रेटर बरेली के सेक्टर-सात में 30 करोड़ से 'नाथ पंथ म्यूजियम' बनाया जाएगा, जो बरेली की सांस्कृतिक पहचान 'नाथ नगरी' को वैश्विक पटल पर मजबूती प्रदान करेगा।



रामायण वाटिका के बाहर भी हरियाली तैयार करते मजदूर। ● अमृत विचार



मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर रंगाई-पुताई में जुटे मजदूर। ● अमृत विचार

### करोड़ों के कार्यों का होगा लोकार्पण

मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान केवल शिलान्यास ही नहीं, बल्कि बनकर तैयार हो चुके विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया जाएगा। इसमें रामगंगा नगर के सेक्टर-दो में 46 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 'रामायण वाटिका' आकर्षण का मुख्य केंद्र होगी। इसके अलावा, ग्रेटर बरेली के सेक्टर-पांच और छह में लगभग 48 करोड़ की लागत से तैयार आरसीसी ड्रेन, सीवर लाइन, इलेक्ट्रिक ट्रेंच और पार्कों का उद्घाटन कर उन्हें जनता को समर्पित किया जाएगा। प्राधिकरण की ओर से अधिकारियों के आवास के लिए 14 करोड़ और अन्य विकास कार्यों के लिए 48 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया है। फिलहाल, बीडीए उपाध्यक्ष और उनकी टीम मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों में जुटी है। दावा किया जा रहा है कि इन परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से न केवल शहर का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे, जो बरेली को आर्थिक रूप से और अधिक सक्षम बनाएंगे।

### रामायण वाटिका : चमकेगा बरेली, प्रदेश में बनेगी नई मिसाल

रामगंगा नगर आवासीय योजना में बनी रामायण वाटिका से बरेली की पहचान प्रदेश स्तर पर और मजबूत होने जा रही है। धार्मिक और सांस्कृतिक थीम पर विकसित यह वाटिका अपने स्वरूप और अवधारणा के कारण प्रदेश में नई मिसाल बनेगी। 33 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित रामायण वाटिका के निर्माण पर लगभग 24 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। वाटिका को भगवान श्रीराम के 14 वर्षों के वनवास काल की स्मृतियों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। बीडीए उपाध्यक्ष डा. ए मनिकन्डन का कहना है कि यह वाटिका केवल एक पार्क नहीं बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन के लिहाज से महत्वपूर्ण स्थल के रूप में विकसित की गई है। उम्मीद है कि इसके शुरू होने के बाद शहरवासियों के साथ-साथ बाहर से आने वाले पर्यटक भी आकर्षित होंगे।

### लोकार्पण से पहले सौंदर्यीकरण के कार्य तेज

मुख्यमंत्री के संभावित दौरे और लोकार्पण कार्यक्रम से पहले बीडीए के अफसर कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते है। रामगंगा नगर आवासीय योजना के सेक्टर-2 में निर्मित भव्य 'रामायण वाटिका' के आसपास के क्षेत्र को आकर्षक बनाने के लिए युद्ध स्तर पर सौंदर्यीकरण कार्य किया जा रहा है। वाटिका के चारों ओर इस रोड पर सुरक्षा के लिए लगाए गए ट्री-गाइर्स पर विशेष रंगाई-पुताई का कार्य शुरू किया गया है, ताकि वे न केवल वृक्षों की रक्षा करें बल्कि मार्ग की दृश्य सुंदरता में भी चार चांद लगा सकें। इसके साथ ही, वाटिका के समीपवर्ती क्षेत्रों और फुटपाथों के किनारे रंग-बिरंगे फूलों के पौधे और आकर्षक लैंडस्केपिंग की जा रही है।

## सिटी ब्रीफ

### बरेली कॉलेज अब सोमवार को खुलेगा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में शुक्रवार को रमजान माह के अंतिम शुक्रवार जमात उल विदा अलविदा के उपलक्ष्य में प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने अवकाश घोषित कर दिया। वहीं प्राचार्य ने बताया कि शनिवार को कॉलेज परिसर में उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक पद के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा के मद्देनजर इसकी गोपनीयता, महत्ता, सुचिता एवं अनुशासन व्यवस्था को देखते हुए कॉलेज में अवकाश रहेगा। बरेली कॉलेज में पुलिस उपनिरीक्षक परीक्षा 5 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे।

### ऑनलाइन कपड़े खरीदने में युवक से ठगे 23 हजार

**बरेली, अमृत विचार :** कपड़े खरीदने के नाम पर युवक से ऑनलाइन 23 हजार रुपये की ठगी हो गई। पैसा देने के बाद भी युवक को कपड़ा नहीं दिया गया। सुभाषनगर क्षेत्र के जागृति नगर बदायूं रोड करगैना निवासी अंकुर सिंह ने बताया कि 24 फरवरी को उसके साथ ऑनलाइन फ्राड हुआ। अज्ञात युवक ने यूपीआई के माध्यम से कपड़े के नाम पर 23 हजार रुपये ले लिए, लेकिन पैसे लेने के बाद भी कपड़े नहीं दिए। सुभाषनगर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के बार-बार जागरूक किए जाने के बावजूद शहरी और ग्रामीण लोग साइबर ठगों के जाल में फंसकर अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं।

## शहर में आज

- श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा शाम 4 बजे।
- महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से सभागार में सम्मान समारोह दोपहर 1 बजे।
- गैस की कालाबाजारी और एजेंसी द्वारा बुकिंग नम्बर बंद करने आदि समस्याओं को लेकर व्यापारी सुरक्षा फोरम डीएसओ को ज्ञापन देंगे, 11.30 बजे।
- बाबा त्रिवटीनाथ मन्दिर में श्री रामचरितमानस कथा शाम 4 बजे से 6 बजे।
- बड़ी बमनपुरी में रामलीला का मंचन रात 8 बजे।
- स्पोर्ट्स स्टेडियम में जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं सुबह 7 बजे से।
- रमजान माह पर जुमे की नमाज दोपहर 1.30 बजे।

# आरटीओ के बाहर दलालों के अड्डों पर चला बुलडोजर



आरटीओ के बाहर अस्थायी दुकानें ध्वस्त करता बुलडोजर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- परिवहन विभाग ने पुलिस और पीएसी के साथ की संयुक्त कार्रवाई

**अमृत विचार :** संभागीय परिवहन कार्यालय के बाहर सालों से फल-फूल रहे दलाली के सिंडिकेट और अवैध वसूली के अड्डों पर आखिरकार 'हंटर' चल गया। एआरटीओ प्रशासन डॉ. प्रवेश कुमार सरोज ने गुरुवार को पुलिस और पीएसी के साथ मिलकर कार्यालय के बाहर सरकारी काम कराने के नाम पर मोटी रकम वसूलने वाले दलालों के ठिकानों पर बुलडोजर चलवा दिया। वहां रखे संदिग्ध कागजात और अवैध सामग्री को जब्त कर लिया।

एआरटीओ प्रशासन डॉ. प्रवेश कुमार सरोज ने बताया कि उनको लगातार सूचनाएं मिल रही थीं कार्यालय के बाहर कुछ अनधिकृत व्यक्ति जनता को गुमराह कर अवैध वसूली कर रहे हैं। कार्यालय के बाहर अस्थायी दुकानों के अतिक्रमण से यातायात की गंभीर समस्या भी उत्पन्न हो रही थी। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए आरटीओ प्रशासन पंकज सिंह ने पुलिस बल के साथ समन्वय स्थापित किया और गुरुवार को संयुक्त अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों पर नकेल कसी।

### 14 मुख्य सेवाएं 'फेसलेस', दलालों के चक्कर में न आएं

आरटीओ प्रशासन पंकज सिंह ने इस कार्रवाई के साथ ही आम जनता को आगाह किया है। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग की 14 मुख्य सेवाएं पूरी तरह 'फेसलेस' हो चुकी हैं। यानि, ड्राइविंग लाइसेंस से लेकर गाड़ी के कागजों तक का काम घर बैठे ऑनलाइन या जन सेवा केंद्र से किया जा सकता है, इसलिए दलालों के चक्कर काट कर जेब ढीली कराने की जरूरत नहीं है।

इधर, सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई ऊपर से मिले कड़े निर्देशों का परिणाम है। चर्चा है कि भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री कार्यालय में आरटीओ कार्यालय के बाहर व्याप्त भ्रष्टाचार और अतिक्रमण की लिखित शिकायत की थी। इस शिकायत ने विभाग के अधिकारियों की नींद उड़ा दी। इसके बाद भारी पुलिस बल के साथ आरटीओ के आदेश पर दलालों के अड्डों पर बुलडोजर कार्रवाई की गई।

# दोपहर में हटाया अतिक्रमण, शाम को फिर पट गई सड़क

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर के सबसे व्यस्ततम व्यापारिक मार्ग कोतवाली से कुतुबखाना तक अतिक्रमण एक ऐसा नासूर बन चुका है, जिसका इलाज नगर निगम के पास भी नजर नहीं आ रहा है। पिछले दिनों जिला व्यापार बंधु की बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर के समक्ष व्यापारियों ने गंभीर मुद्दे को उठाया था, जिसके बाद निगम प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए अतिक्रमण अभियान चलाया था। लेकिन, हालात जस के तस बने रहने पर गुरुवार को फिर अभियान चलाया और दस हजार का जुर्माना वसूला गया।

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य के आदेश पर दोपहर में राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद और प्रवर्तन दल प्रभारी सीबी जोशी की मौजूदगी में टीम बुलडोजर के साथ जैसे ही टीम कोतवाली से आगे बढ़ी, सड़क किनारे अवैध कब्जा जमाए ठेले और फड़ संचालकों में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपना सामान समेटकर गलियों में छिपते नजर आए। अभियान के दौरान निगम की टीम ने न केवल अवैध रूप से सड़क घेरे हुए ढांचों को बुलडोजर से ध्वस्त किया, बल्कि सख्त चेतावनी भी दी। स्पष्ट कहा कि दुकानों के बाहर ठेले या फड़ लगवाकर यातायात बाधित करने वाले दुकानदारों को बख्शा नहीं जाएगा। कार्रवाई के दौरान मौके पर ही 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

- नगर निगम की टीम ने कोतवाली से कुतुबखाने तक चलाया अभियान

आलम यह था कि नगर निगम के इस अभियान से कुछ देर के लिए तो सड़क पूरी तरह खाली और चौड़ी नजर आने लगी, जिससे राहगीरों ने राहत की सांस ली। हालांकि, विडंबना यह रही कि नगर निगम की टीम के वापस लौटते ही अतिक्रमणकारियों ने सिस्टम को ठेंगा दिखा दिया। शाम होते ही कुतुबखाना मार्ग पर वही पुरानी स्थिति बहाल हो गई। ठेले दोबारा सड़क की पटरियों पर काबिज हो गए और जाम का झाम फिर से शुरू हो गया। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि केवल जुर्माने और चंद घंटों की कार्रवाई से इस नासूर का इलाज मुमकिन नहीं है। निगम ने शुक्रवार को भी अभियान को जारी रखने का निर्णय लिया है।



दुकानदार से वार्ता करते प्रवर्तन दल के कमांडो सीबी जोशी। ● अमृत विचार



नगर निगम की टीम के हटते ही फड़-ठेले फिर जमा हो गए। ● अमृत विचार

### विरोध के बीच जारी रही कार्रवाई

राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद ने बताया कि अभियान के तहत कुतुबखाना फ्लाईओवर के नीचे और पटरी पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अभियान का कई लोगों ने विरोध किया। प्रवर्तन टीम की मौजूदगी में अतिक्रमण का सामान जब्त करने की कार्रवाई की तो सामान छीनना शुरू कर दिया, जिससे बाजार में काफी अफरा-तफरी मच गई और दुकानदार प्रवर्तन टीम को देखते ही सामान बटोरने लगे। व्यापारियों के विरोध के बीच कार्रवाई जारी रही।

# निगम का एक्शन जारी, 15 और प्रतिष्ठान सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दो जोन में कार्रवाई के दौरान 3.56 लाख जमा कराए, निशाने पर व्यवसायिक भवन

**अमृत विचार :** नगर निगम की संपत्ति कर वसूली मुहिम तेजी से आगे बढ़ती नजर आ रही है। गुरुवार को कई नोटिस देने के बावजूद टैक्स जमा न करने वाले 15 व्यावसायिक भवन स्वामियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए उनकी संपत्तियों को सील कर दिया। 3.56 लाख का बकाया टैक्स वसूल कर सरकारी खजाने में जमा कराया। अधिकारियों ने साफ कहा कि अभियान लगातार जारी रहेगा। नोटिस के बाद भी जमा न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि सीलिंग की इस कार्रवाई में नगर निगम ने दो जोनों के बकायेदारों को रडार पर लिया। जोन-2 जाटवपुरा में कुलदीप मल्होत्रा, कैलाश चन्द्र, सत्यप्रकाश, रोशनलाल, फाल्तूनगंज में शकुंतला देवी, कानून गोयान में मिलन हार्डवेयर शॉप, सिरवर प्रकाश व सुरेन्द्र कुमार की संपत्तियों को सील किया गया। इसी तरह जोन-3 में एजाजनगर के दिलावर खान और जगतपुर के मोइन के प्रतिष्ठानों पर भी कार्रवाई हुई। वहीं इसी जोन के दीनदयालपुरम में मैट वायलिन फैशन और ब्रेन डायनेमिक सेंटर, एकता नगर की बलविंदर कौर, भूड़ के खेमेंद्र और महेंद्र कुमार की संपत्तियों को भी बकाया कर के कारण सील कर दिया गया। नगर निगम प्रशासन ने सभी संपत्ति स्वामियों से अपील की है कि वे सीलिंग और वैधानिक कार्यवाही से बचने के लिए अपना बकाया टैक्स जल्द से जल्द जमा करें, वरना उनके व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर भी निगम का ताला लटक सकता है।

# मंडलीय बैठक के बीच बसपा कार्यालय की काटी दी बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिजली विभाग ने लंबे समय से 37 हजार रुपये के बिल बकाये में की कार्रवाई
- 55 हजार लेकर बिल जमा न कराने का आरोप, पार्टी पदाधिकारियों में कहा-सुनी

**अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास रोड स्थित तुलसी नगर में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कार्यालय में गुरुवार को उस समय असहज स्थिति बन गई। जब मंडलीय बैठक के दौरान पहुंचकर बिजली विभाग की टीम ने कार्यालय का बिजली कनेक्शन काट दिया। कार्रवाई के बाद पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच आपसी कहासुनी भी हो गई। बताते हैं कि बसपा कार्यालय पर करीब 37 हजार रुपये का बिजली बिल लंबे समय से बकाया था। हालांकि बिल जमा होने के बाद बिजली जोड़ दी गई।

बिजली विभाग की टीम बकाया वसूली के लिए गुरुवार को मौके पर पहुंची और भुगतान न होने पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई कर दी। उस समय कार्यालय में मंडलीय स्तर की बैठक चल रही थी, जिसमें पार्टी के सांसद समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

कार्रवाई के दौरान यह भी सामने आया कि पार्टी के कुछ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से पहले ही बिजली बिल जमा कराने समेत कुछ अन्य काम के नाम पर करीब 55 हजार रुपये लिए गए थे। इसके बावजूद बिजली विभाग के रिकॉर्ड में करीब 37 हजार रुपये का बिल बकाया बताया गया। जैसे ही यह बात बैठक में मौजूद लोगों को पता चली, कार्यालय में मौजूद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच चर्चाओं का बाजार गरम हो गया।

सूत्रों के अनुसार कार्यकर्ताओं ने सवाल उठाया कि जब बिजली बिल के लिए पहले ही राशि एकत्र कर ली गई थी तो विभाग में भुगतान क्यों नहीं किया गया। इस दौरान कार्यालय का माहौल कुछ देर तक तनावपूर्ण बना रहा।

> तुलसी नगर स्थित बसपा कार्यालय में गुरुवार को मंडलीय बैठक चल रही थी। उस दौरान बिजली विभाग ने 37 हजार रुपये का बकाया होने के चलते कनेक्शन काट दिया। फौरन ऑनलाइन बिल जमा किया गया है। कनेक्शन जोड़ने का काम चल रहा है। 55 हजार की राशि एकत्र करने वाली बात पूरी तरह से निराधार है।
>
> जयपाल सिंह, बसपा जिलाध्यक्ष

> बकाया होने पर बसपा कार्यालय का कनेक्शन काटा गया था। पदाधिकारी की तरफ से बकाया बिल जमा करने के बाद रसीद दिखाई गई। इसके बाद कनेक्शन जोड़ते हुए सप्लाई को चालू कर दिया गया है।
>
> -**अजय यादव**, जेई विद्युत विभाग

**राहत** | फतेहगंज पश्चिमी के छात्र ने बार-बार हो रहे हादसों को लेकर उठाया था मुद्दा

# हाईवे पर राधा कृष्ण मंदिर कट के पास अंडरपास को मिली मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीएमओ तक निरंतर शिकायतें पहुंचने के बाद लिया फैसला
- एनएचएआई ने अंडर पास निर्माण को दी प्रशासनिक स्वीकृति

**अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी में राष्ट्रीय राजमार्ग 530 पर स्थित खतरनाक राधा कृष्ण मंदिर कट अब स्थानीय लोगों के लिए काल नहीं बनेगा। कस्बे के छात्र असद अंसारी की ओर से प्रधानमंत्री कार्यालय में की गई निरंतर शिकायतों के बाद, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएसअई) ने इस संवेदनशील मुद्दे पर बड़ा निर्णय लिया है।



असद अंसारी।

एनएचएआई ने आधिकारिक तौर पर सूचित किया है कि यात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए इस स्थान पर जल्द ही अंडरपास का निर्माण किया जाएगा। इससे पहले छात्र असद अंसारी ने हाईवे के दो प्रमुख कटों की सुरक्षा को लेकर आवाज उठाई थी। उनकी पिछली शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एनएचएआई ने एएनए वाले कट को तो बंद कर दिया था, लेकिन राधा कृष्ण मंदिर कट पर महज चेतावनी बोर्ड और संकेतक लगाकर छोड़ दिया गया था। इस आधे-अधूरे समाधान और लगातार हो रही दुर्घटनाओं से असंतुष्ट होकर असद ने दोबारा पीएमओ का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने तर्क दिया कि जब तक यहां स्थायी निर्माण नहीं होता, तब तक राहगीरों की जान जोखिम में बनी रहेगी।

एनएचएआई की ओर से 6 मार्च को जारी पत्र केअनुसार, वर्तमान में वहां रंबल स्ट्रिप्स और सोलर ब्लिंकर जैसी सुरक्षा व्यवस्थाएं कर दी गई हैं। यह भी स्पष्ट किया कि स्थल की गंभीरता को देखते हुए अंडरपास बनाने के प्रस्ताव को सक्षम अधिकारियों से मंजूरी मिल चुकी है। जल्द ही निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके बाद निर्माण कार्य धरातल पर उतरेगा। इस घोषणा से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है और इसे एक छात्र के संघर्ष की बड़ी जीत माना जा रहा है।



फतेहगंज पश्चिमी में एनएच 530 पर स्थित खतरनाक राधा कृष्ण मंदिर कट।

### पीएमओ में शिकायत के बाद पिछले महीने एनएचएआई की टीम ने किया था निरीक्षण

छात्र असद अंसारी की शिकायत पीएमओ कार्यालय तक पहुंचने के बाद एनएचएआई की टीम ने मौके पर पहुंचकर बीते दिनों कट का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने राधा कृष्ण मंदिर के पास बने खतरनाक हाईवे कट को पूर्ण रूप से बंद करने की तैयारी शुरू कर दी थी। जांच के दौरान यह माना गया था कि यह कट लगातार जानलेवा हादसों का कारण बन रहा है, इसे खुला रखना आमजन की जान के लिए खतरा है। अब अंडरपास बनाए जाने पर स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई है कि अंडरपास बनने से भविष्य में होने वाले हादसों पर रोक लग सकेगी।

> राधा कृष्ण कट पर फिलहाल सुरक्षा के लिए रंबल स्ट्रिप्स, सोलर ब्लिंकर्स और साइन बोर्ड लगा दिए गए हैं। स्थान की गंभीरता को देखते हुए अंडरपास बनाने का प्रस्ताव भी मंजूर हो चुका है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद यहां जल्द अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।
>
> -**अरविंद कुमार**, परियोजना निदेशक, मुरादाबाद डिवीजन

# दरोगा भर्ती परीक्षा : सीओ और इंस्पेक्टर संभालेंगे केंद्रों की कमान

## बरेली समेत चारों जिलों में 14 और 15 मार्च को 73,920 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा, बायोमेट्रिक और मेटल डिटेक्टर से जांच के बाद मिलेगी एंट्री

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला मुख्यालय और केंद्रों पर बनाये गये हाईटेक कमांड कंट्रोल सेंटर, पुलिस बल तैनात
- साल्वरों पर पुलिस की सीधी नजर, पकड़े जाने पर एफआईआर दर्ज कर भेजा जाएगा जेल

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बाद उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को बरेली मंडल में पूरी तरह नकल विहीन, पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन और पुलिस ने कमर कस ली है। 14 और 15 मार्च को आयोजित होने वाली इस परीक्षा में बरेली समेत चार जिलों के 53 केंद्रों पर 73,920 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर बरेली रेंज के डीआईजी अजय साहनी ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को सख्त निर्देश दिए हैं कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी तरह की गड़बड़ी, अव्यवस्था या अवैध गतिविधि किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने कहा कि साल्वरों पर पुलिस की सीधी नजर रहेगी। साल्वर पकड़े जाने पर सीधे एफआईआर होगी और उन्हें जेल भेजा जायेगा। साहनी ने कहा कि उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर हर केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होनी चाहिए।



कलेक्ट्रेट सभागार में दरोगा भर्ती परीक्षा की तैयारियों के संबंध में बैठक करते डीएम।

उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों के आसपास संवेदनशील इलाकों की पहले से पहचान कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए। डीआईजी ने कहा कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के आवागमन में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। इसके लिए रेलवे और रोडवेज अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्था और सुरक्षा का भी आकलन करने को कहा गया है।

**बायोमेट्रिक एंट्री, मेटल डिटेक्टर और कंट्रोल रूम :** परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए तकनीकी निगरानी को भी मजबूत किया गया है। सभी परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक एंट्री सिस्टम लागू किया गया है, जिससे अभ्यर्थियों की पहचान सुनिश्चित की जाएगी। केंद्रों के प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर से जांच होगी और किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन या स्मार्ट डिवाइस पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। हर परीक्षा केंद्र पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जबकि जिला स्तर पर पुलिस लाइन और ट्रेजरी में बने स्ट्रांग रूम में भी कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। इसके अलावा एलआईयू (स्थानीय खुफिया इकाई) और साइबर टीम सोशल मीडिया की निगरानी करेगी ताकि पेपर लीक या अफवाह जैसी गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई हो सके।

### बरेली में 19 केंद्र, 950 कैमरों की निगरानी

बरेली जिले में 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां दो दिनों में 32,640 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी-पहली पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रत्येक पाली में 8,160 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे और एक केंद्र पर लगभग 480 परीक्षार्थियों की व्यवस्था की गई है। परीक्षा की निगरानी के लिए 950 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा 450 पुलिसकर्मियों के साथ 836 शिक्षक और कर्मचारी परीक्षा संचालन में लगाए गए हैं।

### दरोगा भर्ती परीक्षा 14-15 मार्च को, 32 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल

**बरेली, अमृत विचार :** प्रशासन और पुलिस ने 14-15 मार्च को होने वाली दरोगा भर्ती परीक्षा को लेकर कमर कस ली है। डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्या गुरुवार को बैठक कर परीक्षा की तैयारियां परखीं। निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ परीक्षा ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए हैं। एसएसपी ने कहा है कि चेकिंग और फ्रिस्किंग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में बताया गया कि उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 19 केंद्रों पर होगी। दो दिन में 32640 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा की निगरानी के लिए कैमरे लगाने के साथ पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक कराई जाएगी। प्रत्येक पाली में 8160 परीक्षार्थी शामिल होंगे। हर सेंटर पर एक-एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। परीक्षा के सफल आयोजन को 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 4 रिजर्व सेक्टर मजिस्ट्रेट, 19 स्टेटिक मजिस्ट्रेट व 4 रिजर्व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को परीक्षा से संबंधित ड्यूटी को अच्छे से निर्वहन करने के निर्देश दिए। परीक्षा पूरी सुचिता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ सकुशल सम्पन्न कराएं। किसी प्रकार की शिथिलता न बरतें। सभी अधिकारी अपनी ड्यूटी स्थल पर नियत समय पर पहुंचकर भर्ती बोर्ड के निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें। सभी केंद्रों की मॉनिटरिंग लखनऊ से होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या हो तो तत्काल अवगत कराएं, जिससे समस्या का समय रहते निराकरण किया जा सकें। महिला अभ्यर्थियों के लिए फ्रीस्किंग के लिए इनक्लोजर सही से बनवा लें। अधिकारियों से कहा कि संवेदनशीलता और सजगता के साथ कार्य करें और अति आत्मविश्वास से बचें। एसएसपी ने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई गलती न होने पाए, इसका विशेष ध्यान रखें। किसी अभ्यर्थी की जगह कोई दूसरा व्यक्ति न आ जाए, इसका विशेष तौर पर ध्यान देना है। सभी अधिकारी एसओपी पर ध्यान देकर ड्यूटी करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, पुलिस अधीक्षक यातायात मो. अकमल खान सहित सभी केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र पुलिस प्रभारी आदि मौजूद रहे।

### परीक्षा केंद्र के बाहर तैनात रहेगा अतिरिक्त पुलिस बल, महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगी

सुरक्षा व्यवस्था के तहत हर परीक्षा केंद्र की निगरानी एक क्षेत्राधिकारी (सीओ) और संबंधित थाना प्रभारी करेंगे। दो केंद्रों पर एक सीओ को जिम्मेदारी दी गई है। केंद्र के बाहर भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा, जिसमें इंस्पेक्टर, महिला कांस्टेबल और अन्य पुलिसकर्मी शामिल होंगे।

## सिटी ब्रीफ

### सेवानिवृत परियोजना प्रबंधक को जान से मारने की धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** जल निगम के सेवानिवृत परियोजना प्रबंधक ने अपनी दुकान के आगे चाट का ठेला लगाने से मना किया तो कई लोगों ने उनकी दुकान पर धावा बोलकर गाली गलौज की। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। बारादरी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बारादरी थाना क्षेत्र के डीडीपुरम निवासी उत्तर प्रदेश जल निगम के सेवानिवृत्त परियोजना प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि 10 मार्च को वह डीडीपुरम स्थित अपने मेडिकल स्टोर पर बैठे थे। तभी चार-पांच लोगों के साथ चाट का ठेला लगाने वाला नन्हे आ गया। सभी लोग आकर गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने कहा कि दुकान के आगे चाट का ठेला क्यों नहीं लगने दे रहे हो। सचिन नाम के लड़के ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बारादरी पुलिस ने नन्हे, सचिन सिंह समेत 4 से पांच अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### बुलेट नहीं मिलने पर बरात लाने से इनकार

**बरेली, अमृत विचार :** बुलेट की मांग पूरी नहीं होने पर लड़के वालों ने बरात लाने से इंकार कर दिया। लड़की पक्ष की सभी तैयारी धरी रह गई। पीड़िता के पिता ने सुभाषनगर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी का विवाह सुभाष नगर थाना क्षेत्र के करेली गांव निवासी राहुल के साथ एक साल पहले तय किया था। युवक ने बताया कि विवाह तय करते समय लड़के पक्ष ने बिना दहेज के शादी करने को कहा था। शादी की तारीख 19 फरवरी 2026 तय हुई थी। वह अक्टूबर में जब टीका करने गया तो 2.50 लाख रुपये लड़के के पिता वीरपाल के हाथ में देकर आया था। आरोप है कि उसके बाद लड़के वालों ने अचानक से मांग करते हुए कहा कि लड़के को दहेज में जब तक बुलेट मिलेगी तभी शादी करेगा। उसने बुलेट देने से मना किया तो आरोपी गाली गलौज करने लगे।

### अध्यापक की पिटाई से बिगड़ी छात्र की हालत

**बरेली, अमृत विचार:** सुभाष नगर थाना क्षेत्र के रविंद्र नगर स्थित इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले कक्षा 9 के छात्र कृष्ण अग्निहोत्री ने बताया कि उसका भाई देव अग्निहोत्री भी उसी स्कूल में पढ़ता है। आरोप है कि उसके भाई देव अग्निहोत्री को इंटर कॉलेज के एक शिक्षक ने पीट दिया, जिससे उसके भाई की हालत बिगड़ गई। सूचना मिलने पर छात्र के परिजन भी स्कूल पहुंच गए और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। परिजनों ने सुभाष नगर पुलिस से शिकायत की है पुलिस ने मामले की जहां शुरू कर दी है।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष कैद की सजा

- शादी का झांसा देकर दुष्कर्म में 25 हजार का जुर्माना भी डाला

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नाबालिग लड़की (16) को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी बदायूं जिले के थाना हजरतगंज के ग्राम जमालपुर निवासी कमलेश को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट प्रथम हेमेन्द्र कुमार सिंह ने 20 वर्ष सश्रम कारावास व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। पीड़िता को सरकार की योजना से भी 50 हजार रुपये दिये जाने का आदेश कोर्ट ने सुनाया।

सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां ने थाना कैंट में तहरीर देकर बताया था कि 25 मई 2023 को कमलेश बाइक पर बैठाकर कहीं ले गया। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि 25 मई 2023 की सुबह 11.30 बजे मैं घर का सामान लाने के बहाने घर से निकली और जब मैं उमरसिया रोड पर पहुंची तो वहां पर मुझे कमलेश मिला, मैं उसके साथ बाइक पर बैठकर सैटेलाइट बस स्टैंड पहुंची तो वह मुझे पास में एक होटल में ले गया और मेरी मर्जी के बिना दुष्कर्म किया। होटल में मुझे ढाई तीन घंटे रखने के बाद मुझे बस स्टैंड पर छोड़ दिया और मुझसे कहा कि तुम अब घर जाओ। मेरा मतलब निकल गया है, मैं अब तुमसे शादी नहीं करूंगा और चला गया। कमलेश से लगभग तीन वर्षों से जान पहचान थी, सन 2019 में मेरे पड़ोसी ने कमलेश से मिलवाया था। कमलेश मुझसे शादी करने को कहता था। अभियोजन ने 7 गवाह पेश किये।

## फर्जी आईडी बनाकर डाले अश्लील फोटो

**बरेली, अमृत विचार :** फेसबुक पर युवती की फर्जी आईडी बनाकर उसके अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिए। युवती ने बताया कि फोटो और वीडियो वायरल होने से उसकी बदनामी हो रही है। युवती की तहरीर पर साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

भोजीपुरा थाना क्षेत्र के की रहने वाली युवती ने बताया कि वह मौजूदा समय में इज्जतनगर थाना क्षेत्र में रह रही है। युवती ने बताया कि उसके नाम से किसी ने फेसबुक पर फर्जी आईडी बना ली। युवती का आरोप है फेसबुक पर युवक ने उसके अश्लील फोटो और वीडियो पोस्ट कर दिए। फोटो और वीडियो पर गलत बातें लिखी जा रही हैं। युवती का आरोप है कि युवक लगातार उसे ब्लैकमैल करके धमकी दे रहा है।

## दरोगा भर्ती परीक्षा को लेकर दो दिन रहेगा रूट डायवर्जन

- शहर में 14 और 15 मार्च को सुबह 5 से लेकर रात 8 बजे तक बदली रहेगी यातायात व्यवस्था
- एसपी ट्रैफिक ने जारी की एडवाइजरी, शहर के एंट्री प्वाइंट पर तैनात रहेंगे पुलिस कर्मी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर यातायात पुलिस ने 14 और 15 मार्च को शहर में रूट डायवर्जन लागू किया है। शहर में 2 दिन सुबह 5 बजे से लेकर रात 8 बजे तक यातायात व्यवस्था बदली रहेगी।

एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि महानगर बरेली से रामपुर दिल्ली को जाने वाले वाहन मिनी बाईपास से झुमका चौराहे से जाने के बजाय महादेव पुल, शहामतगंज, विलयधाम, विलवा पुल होते हुए जाएंगे। इसके अलावा दिल्ली-मुरादाबाद-रामपुर की ओर से शहर में प्रवेश करने के लिए बड़े वाहन झुमका तिराहे से बड़ा बाईपास होते हुए इन्वर्टिस से ट्रांसपोर्ट नगर तक आ सकेंगे। बदायूं की तरफ से लखनऊ और शाहजहांपुर एवं पीलीभीत की तरफ जाने वाले वाहन रामगंगा चौराहे से बुखारा मोड़ होते हुए फरीदपुर जाएंगे। पीलीभीत और नैनीताल की तरफ से बदायूं जाने वाले बड़े वाहन बड़ा बाईपास फरीदपुर होते हुए जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि डायवर्जन आकस्मिक सेवा में लगे वहां रोडवेज बस और सिटी बसों पर लागू नहीं होगा।

बारादरी, प्रेम नगर, इज्जत नगर, सीबीगंज, कोतवाली, किला और हाफिजगंज के सभी परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के छोटे वाहन, दो पहिया, ऑटो और ई रिक्शा से आ-जा सकेंगे। इसके अलावा जिन अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र बरेली कॉलेज और बरेली इंटर कॉलेज है वह विद्यार्थी बरेली कॉलेज के पश्चिमी गेट कालीबाड़ी मंदिर की तरफ से प्रवेश करेंगे। परीक्षा के दिन बरेली कॉलेज का पूर्वी गेट बंद रहेगा।

ट्रैफिक पुलिस ने परीक्षा देने आने वाले अभ्यर्थियों से अपील की है की परीक्षा में शामिल होने के लिए अपने घरों से पर्याप्त समय लेकर निकले शहर क्षेत्र में परीक्षा केंद्रों पर जाने के लिए झुमका तिराहा, विलवा अंडरपास, इन्वर्टिस तिराहा, रामगंगा तिराहा एवं बुखारा मोड़ से शहर में प्रवेश करें।

## भिड़े दो समुदायों के लोग, चार घायल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** साइकिल सवार लड़की को स्कूटी से टक्कर लगने के बाद दो समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए। लाठी-डंडे और ईंट पत्थर चलने में दोनों पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दो समुदाय के लोगों के लड़ने की सूचना पर इंस्पेक्टर कोतवाली और क्षेत्राधिकार प्रथम मौके पर पहुंच गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराकर कई लोगों को हिरासत में लिया गया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मठ की चौकी क्षेत्र में गुरुवार की रात करीब 11:30 बजे लड़की साइकिल से जा रही थी। बताया जा रहा है कि इसी बीच पीछे से आ रहे स्कूटी सवार ने लड़की की साइकिल में टक्कर मार दी। पास में ही विक्की और उसके दोस्त शराब पी रहे थे, जबकि पीछे से बाइक पर सिकलापुर निवासी जुनैद और जुबेर और एक अन्य लोग आ रहे थे। विक्की ने बच्ची को टक्कर मारने वाले स्कूटी सवार को गालियां देना शुरू कर दिया। आरोप है की बाइक से आ रहे तीन मुस्लिम युवकों के ऊपर टक्कर मारने का आरोप लगा। दोनों पक्षों में कहा-सुनी के बाद गाली-गलौज होने पर मारपीट शुरू हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराकर कई को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।


दो पक्षों में विवाद के बाद मौके पर जुटी पुलिस। • अमृत विचार

## शिक्षिका को पति ने किया जान से मारने का प्रयास

**बरेली, अमृत विचार :** सहायक अध्यापिका पत्नी को गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। वहीं दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति पर रिपोर्ट दर्ज की है।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के बहजुइया जागीर निवासी गीतांजलि ने बताया कि वह मौजूदा समय में सुभाषनगर थाना क्षेत्र के बदायूं रोड पर रह रही है। महिला ने बताया कि उसकी शादी 7 नवंबर 2019 को दिल्ली के नजफगढ़ रोड निवासी ऋषिकेश के साथ हुई थी। महिला के अनुसार उसके परिजनों ने शादी में काफी दान दहेज दिया था।

## जीएसटी चोरों पर कार्रवाई को संयुक्त रूप से रणनीति बनाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राज्य कर विभाग के जोनल कार्यालय कैंट में एनजीटीपी (नॉन जीनिक्स टैक्सपेयर) के खिलाफ की गई विभागीय कार्रवाई के संबंध में शासन की तरफ से गठित एसआईटी टीम के अधिकारियों के साथ अपर आयुक्त ग्रेड-एक एनएल सोनी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें की गई कार्रवाई की भी चर्चा की गई।

एसपी क्राइम मनीष सोनकर नोडल अधिकारी (एसआईटी) जनपद बरेली की उपस्थिति में उक्त बैठक में जीएसटी व्यवस्था में अविधिक रूप से आईटीसी पासऑन किये जाने के प्रकरण में मुख्य आरोपी और मास्टरमाइंड तक पहुंचने पर वार्ता कर संयुक्त रूप से रूपरेखा तैयार की गयी। इसमें फर्म सर्वश्री आरएस टिम्बर्स प्रकरण में समरन जमाल, फर्म सर्वश्री एफ एस ट्रेडर्स प्रकरण में सद्दाम हुसैन और श्री समद उर्फ शाहरुख, फर्म सर्वश्री विजय ट्रेडर्स में उपेन्द्र कुमार, फर्म सर्वश्री आरएसआर ट्रेडर्स प्रकरण में यूग्नेश बिसारिया और गौरव अग्रवाल, सिंह ट्रेडर्स में गौरव यादव, सिद्धार्थ पाण्डेय, दीपक, संजीव गुप्ता और वरून शर्मा की गिरफ्तारी पर चर्चा कर रणनीति तैयार की गई।

युद्ध का असर

ईद का त्योहार पास होने के चलते काम नहीं होने से कारीगर आर्थिक रूप से कमजोर हुए

## खाड़ी देशों में जरी के काम की सप्लाई बंद, कारीगरों के सामने संकट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तमाम हवाई अड्डे और उड़ानें बंद होने से फंसा माल
- निर्यातकों को नहीं दिख रही जल्द राहत की उम्मीद

**अमृत विचार :** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच पिछले 13 दिन से चल रहे युद्ध से आयात-निर्यात भी प्रभावित हो गया है। खाड़ी देशों के एयरपोर्ट बंद होने से माल अटक गया है। ऐसे में ईद का त्योहार पास होने से कारोबारी और कारीगर संकट में है। कारीगरों का कहना है कि सीजन के समय में काम नहीं होने से वे खाली बैठे हैं। जरी कारीगरों की ईद की खुशियां फीकी नजर आ रही हैं।

जिले में जरी का बड़ा कारोबार है। शहर से लेकर देहात तक महिला कारीगरों को लगाकर इस कारोबार से करीब पांच लाख लोग जुड़े हैं।

शहर में जरी का तैयार माल सऊदी अरब, दुबई, कतर, ओमान, कुवैत समेत अन्य खाड़ी देशों में जाता है। ईद पर कारोबारियों से लेकर कारीगरों का सीजन का समय होता है। जरी के काम की मांग इतनी होती है कि उसे पूरा नहीं कर पाते हैं। अमेरिया, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के चलते कई अरब देशों के एयरपोर्ट बंद कर दिए गए हैं।

इसके साथ ही तमाम उड़ानें भी निरस्त चल रही हैं। जो माल दिल्ली एयरपोर्ट पर भेजा गया था, वह रुक गया है। युद्ध के असर ने इस पूरे सीजन को बर्बाद कर दिया है। न केवल बड़े निर्यातक, बल्कि छोटे मजदूर और मटेरियल सप्लायर भी इस आर्थिक तंगी की चपेट में आ गए हैं। जरी कारीगरों का कहना है कि ईद का त्योहार सही जाने की उम्मीद थी, लेकिन विदेश में हुई लड़ाई से 10 रमजान के बाद काम पूरी तरह से बंद हो गया है।


जरी का काम करते कारीगर। • अमृत विचार

### महिलाओं से लेकर बच्चे भी जरी के काम से जुड़े

जिले में मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में मुस्लिम महिलाएं, बच्चे और पुरुषों का पूरा परिवार इसी काम के सहारे जीवन गुजर बसर कर रहे हैं, लेकिन निर्यात रुकने के बाद काम बंद होने से जरी कारीगर परेशान हैं। ईद के बाद मुस्लिम समाज में शादियों का दौर शुरू हो जाएगा। यह ऐसा समय है जब जरी-जरदोजी की बिक्री सबसे ज्यादा होती है, लेकिन इस समय काम पूरी तरह से बंद पड़ा है।

शुरू के 10 रमजान काम अच्छा चल, लेकिन अब कारखानों में मंदी छा गई है। इसकी वजह विदेश में चल रही जंग बताई जा रही है, करीब 10 दिन से कम न होने की वजह से खाली बैठे हैं, ईद का त्योहार सिर पर हैं,परिवार की चिंता सता रही है।

**नहीम**, कारीगर

ईद के मौके पर इस बार अच्छा काम होने की उम्मीद थी, लेकिन बाहर माल नहीं जाने के चलते काम ठप हो गया है। उम्मीद करते हैं कि एक-दो दिन में काम फिर से सही होकर पुराने तरीके पर आ जाए जिससे रोजी-रोटी चल सके।

**दिलशाद**, जरी कारीगर

ईद के मौके पर काम की डिमांड अधिक रहती है, विदेश में भी बड़ी संख्या में माल जाता था, लेकिन खाड़ी देश में लड़ाई के चलते माल अटक गया है, रमजान में जहां बड़ी संख्या में माल विदेश जाता था, लेकिन अब सन्नाटा पसरा है।

**लईक अहमद**, जरी कारोबारी

बरेली में तैयार जरी के काम की मांग देश भर के साथ बड़ी संख्या में विदेश में रहती है, लेकिन ईरान और इजरायल-अमेरिका के हमले के चलते काम बंद चल रहा है, विदेश भेजा गया माल एयरपोर्ट पर फंस गया है, ऐसे में नुकसान हो रहा है।

**हामिद**, जरी कारोबारी

### माल वापस होने पर हो रहा नुकसान

जरी कारोबारियों के पास ईद को लेकर जनवरी से ही बड़ी संख्या में खाड़ी देशों के आर्डर आ गए थे, लेकिन जब माल भेजने का वक्त आया तभी युद्ध शुरू हो गया। ऐसे भारी मात्रा में तैयार माल वापस आने लगा, जिससे कारोबारियों और निर्यातकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। जरी कारोबारियों का कहना है कि जब तक हालात सामान्य नहीं होते और एयरपोर्ट नहीं खुलते, तब तक माल का निर्यात मुश्किल ही दिख रहा है।

## सिटी ब्रीफ

### रुहेलखंड विवि की मेसों में गैस का संकट

बरेली, अमृत विचार : गैस संकट का असर एमजेपी रुहेलखंड विवि के हॉस्टल की मेसों में भी पड़ने लगा है। इसके कारण हास्टल में रहने वाले करीब 500 छात्रों के भोजन की व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। विश्वविद्यालय पीजी हॉस्टल के मेस इंचार्ज ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 200 छात्रों का भोजन तैयार किया जाता है, जिसके लिए करीब डेढ़ सिलेंडर गैस का खर्च आता है। कॉमर्शियल और घरेलू सिलेंडरों का स्टॉक अब खत्म होने की स्थिति में है अगर यही समस्या रही तो भट्ठी पर भोजन तैयार किया जाएगा। न्यू ब्वायज हॉस्टल में छात्रों के भोजन के लिए भट्ठी बनवाई जा रही है और लकड़ी भी मंगाई जा रही है।

### नई कर्मचारी समिति गठन की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** कर्मचारी कल्याण सेवा समिति की बैठक गुरुवार को कॉलेज परिसर में हुई। बैठक में कर्मचारियों ने वर्तमान समिति की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से मौजूदा समिति को भंग कर नए सिरे से चुनाव कराने की मांग उठाई गई, ताकि कर्मचारी और कॉलेज हित में कार्य करने वाले नए पदाधिकारियों का चयन किया जा सके।

# गैस पाने के लिए एजेंसी के बाहर लगी कतारें

## कई जगहों पर गैस के पहुंचते ही मची होड़, रही अफरातफरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में रसोई गैस की ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था प्रभावित होने से घरेलू गैस संकट की स्थिति बन गई। गुरुवार को बुकिंग का सर्वर डाउन होने के कारण उपभोक्ता मोबाइल एप और फोन के माध्यम से गैस बुकिंग नहीं करा पाए। इसके चलते कई एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग गईं, लोग खाली सिलेंडर लेकर दिनभर भटकते रहे।

शहर के कई स्थानों पर गैस एजेंसी पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की कतारें लगी रही। कई जगह-जगह बहुत से उपभोक्ता अपने से साथ दो-दो सिलेंडर लेकर गैस लेने भी पहुंचे। शहर के विभिन्न स्थानों पर रसोई गैस के पहुंचने की सूचना मिलते ही उपभोक्ता एजेंसियों पर जमा हो गए। हालात ऐसे रहे कि कुछ एजेंसियों पर उपभोक्ता ट्रकों के पास भी लाइनें लगाकर खड़े रहे। उपभोक्ताओं को ट्रकों से सीधे सिलेंडर उतारकर उपभोक्ताओं को दिए गए। कहीं-कहीं ठेलों के माध्यम से भी सिलेंडर वितरण की व्यवस्था की गई, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। इसके बावजूद कई जगह अव्यवस्था की स्थिति बनी रही। गैस एजेंसियों के सेल्समैनों के अनुसार सामान्य दिनों में बुकिंग के आधार पर ही सिलेंडर दिए जाते हैं, लेकिन सर्वर डाउन होने से व्यवस्था प्रभावित हो गई। कुछ स्थानों पर कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आईं, जहां घरेलू सिलेंडर 1500 से 1600 रुपये तक में बिकने की चर्चा रही।



सिलेंडर पाने के लिए एजेसी के बाहर लगी लंबी कतार। ● अमृत विचार

### गैस एजेंसियों की मनमानी पर लगाम लगाने को जिला पूर्ति कार्यालय ने कसी कमर

एलपीजी गैस की आपूर्ति में देरी, डिलीवरी में लापरवाही और उपभोक्ताओं से तय कीमत से अधिक वसूली की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए जिला पूर्ति कार्यालय सख्त हो गया है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला पूर्ति विभाग ने निगरानी और सख्त कर दी है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए विभाग ने 9456667774 हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इस नंबर पर एलपीजी गैस की बुकिंग, डिलीवरी में देरी, आपूर्ति में समस्या या अधिक कीमत वसूलने से जुड़ी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### कई गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर स्टॉक जांचा

बरेली, अमृत विचार : मुख्यमंत्री के निर्देश जारी करने के बाद जिला प्रशासन भी गैस की कालाबाजारी और ओवर रेटिंग करने के साथ जमाखोरी करने वालों पर सख्त हो गया है। डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर गुरुवार को जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने आईओसी के बरेली हेड के साथ गैस की कालाबाजारी व ओवर रेटिंग रोकने के लिए गैस एजेंसियों में राजेंद्र नगर की योगेश एंटरप्राइजेज, आईवीआरआई रोड की वीना इंडियन गैस सर्विस, हार्टमन कॉलेज रोड की गोयल एंटरप्राइजेज और स्वाले नगर स्थित बरेली गैस सर्विस का निरीक्षण किया। जिला पूर्ति अधिकारी ने गैस एजेंसी एवं गोदाम का निरीक्षण कर गोदाम पर मौजूद गैस सिलेंडर के स्टॉक का एजेंसी से प्राप्त ऑनलाइन स्टॉक स्टेटस से सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान इंडियन ऑयल के हेड नितिन बिंदल, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विवेक श्रीवास्तव, आपूर्ति लिपिक राजेश कुमार अधिकारी व आशीष कुमार उपस्थित रहे।

### घरेलू इंडक्शन चूल्हों की मांग बढ़ी



गैस की कमी के चलते घरेलू इंडक्शन चूल्हों की मांग में भी तेजी आई है। इलेक्ट्रॉनिक दुकानों के मालिकों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में इंडक्शन चूल्हों की बिक्री में बढ़ोतरी देखी गई। कुछ दुकानदारों ने इसको 50 प्रतिशत बढ़ोतरी को बताया। बाजार में आज साप्ताहिक बंदी के बावजूद भी एक-दो इलेक्ट्रॉनिक दुकानें खुली रही।

# 23 हजार सिलेंडरों की मांग एक ही दिन में 64 हजार पार पहुंची

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अफवाहों के चलते ज्यादा बुकिंग की आशंका
- डीएम ने दिए जमाखोरों पर कार्रवाई के निर्देश

**अमृत विचार :** ईरान-इजराइल युद्ध के की वजह से गैस आपूर्ति समस्या बढ़ रही है। आईओसी और जिला प्रशासन बरेली में पर्याप्त मात्रा में गैस भंडारण का दावा कर रहे हैं लेकिन लोग अफवाहों के चक्कर में ज्यादा से ज्यादा सिलेंडर लेने की होड़ में लगे हैं। कई तरह की शंका-आशंका के बीच बरेली में 23 हजार प्रतिदिन बुक होने वाले सिलेंडरों की मांग एकाएक दोगुनी से ज्यादा पहुंच गयी। आईओसी अफसरों ने डीएम को बताया है कि आम दिनों में रोज 23 हजार सिलेंडरों की बुकिंग रहती थी, लेकिन अब एक दिन में 64 हजार सिलेंडर बुक हुए हैं।

आशंका जताई जा रही है कि लोग घर में भरा सिलेंडर रखे होने के बावजूद दूसरा या तीसरा सिलेंडर बुक करा रहे हैं। आईओसी अधिकारियों से जानकारी मिलने के बाद डीएम अविनाश सिंह ने निगरानी के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने अफसरों को स्पष्ट हिदायत दी है कि गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने फिर साफ किया है कि जिले में गैस का संकट नहीं है। बेवजह कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं। डीएम ने आईओसी के अधिकारियों को गैस बुकिंग के सिस्टम को दुरुस्त करने के निर्देश दिए ताकि उपभोक्ताओं को गैस बुक होने के साथ जल्द सिलेंडर मिल सके।

वहीं, एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने कलेक्ट्रेट सभागार में आईओसी, जिला पूर्ति कार्यालय के अधिकारियों की मौजूदगी में होटल संचालकों के साथ बैठक की। होटल संचालकों से कहा गया कि व्यावसायिक सिलेंडर की डिलीवरी पर रोक जारी रहेगी। होटल संचालकों ने व्यावसायिक सिलेंडर नहीं मिलने पर होटल कारोबार प्रभावित होने की बात कही।

# किराया न जमा करने पर 20 दुकानों पर लिया कब्जा

दिग्विजय मिश्रा, बरेली

- कब्जे में ली गईं 20 दुकानों की नीलामी करेगी मंडी समिति
- सात फर्मों के स्वामियों ने बकाया किराया जमा कराया

**अमृत विचार :** शहर की मंडी में लंबे समय से किराया जमा न करने और नवीनीकरण न कराने वाले व्यापारियों के खिलाफ मंडी प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कार्रवाई के तहत मंडी प्रशासन ने 20 दुकानों को कब्जे में लेकर नीलामी की प्रक्रिया तेज कर दी है। सात फर्मों ने किराया जमा कराते हुए नवीनीकरण कराया है। अधिकारियों का मानना है कि इन दुकानों की नीलामी से करीब ढाई करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा।

जानकारी के अनुसार मंडी क्षेत्र में कुल 27 फर्में ऐसी थीं, जो लंबे समय से किराया जमा नहीं कर रही थीं और न ही अपनी दुकानों का नवीनीकरण करा रही थीं। मंडी प्रशासन की ओर से इन 27 फर्मों को कई बार नोटिस जारी कर बकाया जमा करने और लाइसेंस नवीनीकरण कराने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद 20 फर्मों ने मंडी प्रशासन के नोटिस को गंभीरता से नहीं लिया। हालांकि प्रशासनिक सख्ती के बाद सात फर्मों ने बकाया किराया जमा कर दिया, लेकिन बाकी 20 फर्मों ने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद मंडी प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए संबंधित दुकानों को अपने कब्जे में लिया। अब इन दुकानों को नीलाम करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

मंडी प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ यह कार्रवाई जरूरी थी। लंबे समय से बकाया किराया और नवीनीकरण न होने से मंडी समिति को राजस्व का नुकसान हो रहा था। कई बार नोटिस देने के बावजूद जब कोई ठोस जवाब नहीं मिला तो प्रशासन को सख्ती करनी पड़ी। अधिकारियों के मुताबिक दुकानों की नीलामी पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया के तहत कराई जाएगी। जिससे इच्छुक व्यापारी बोली लगाकर दुकान ले सकेंगे। नीलामी से मंडी समिति को जहां राजस्व प्राप्त होगा, वहीं नए व्यापारियों को भी व्यापार का अवसर मिलेगा। व्यापारी भी कई दिनों से मंडी की दुकान आवंटन कराने को लेकर प्रयासरत थे।

### बिना लाइसेंस वाले भी लगा सकेंगे बोली

ये दुकानें लाइसेंसधारियों के साथ-साथ बिना लाइसेंस वाले भी बोली लगा सकते हैं। लेकिन, दुकानें निकलने के बाद उन्हें एक माह के अंदर लाइसेंस बनवाना होगा। ये दुकानें 20 साल के लिए अनुबंध पर दी जाती हैं। इन 20 सालों में सब कुछ सही चलता रहा तो अगले 20 साल के लिए और नवीनीकरण किया जाता है। बोली लगाने वाले व्यापारियों को दुकान के निर्माण में लगे धनराशि का 10 प्रतिशत जमानत राशि के रूप में जमा करना पड़ता है।

> किराया जमा न करने और लाइसेंस नवीनीकरण न कराने वाले 27 फर्में चिह्नित कर उनके संचालकों को नोटिस भेजा गया था। इनमें से सात ने बकाया किराया जमा करते हुए नवीनीकरण करा लिया है। शेष 20 फर्मों ने जवाब नहीं दिया। इसके बाद दुकानें कब्जे में लेकर नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन दुकानों की नीलामी से लगभग ढाई करोड़ रुपये का राजस्व मिलने का अनुमान है।
>
> -**संतोष कुमार यादव**, मंडी सचिव

# भाजपा का विकास केवल पांच जिलों तक सीमित

**बरेली, अमृत विचार :** सपा सांसद नीरज मौर्य के लोकसभा में उठाए गए सवाल ने भाजपा सरकार के 'सबका साथ-सबका विकास' के नारे पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। आरडीएसएस योजना के आंकड़ों से खुलासा हुआ है कि उत्तर प्रदेश के लिए स्वीकृत 21204 करोड़ रुपये के बजट का करीब 30 प्रतिशत हिस्सा (6314 करोड़) मात्र पांच वीआईपी जिलों-वाराणसी, कानपुर, नोएडा, लखनऊ और प्रयागराज पर खर्च किया गया। इसके विपरीत जर्जर तारों और बदहाल बिजली व्यवस्था से जूझ रहे शेष 70 सामान्य जनपदों को 70 प्रतिशत बजट में समेट दिया। सांसद ने आरोप लगाया कि सरकार का विकास केवल चुनिंदा क्षेत्रों तक सीमित है, जबकि ग्रामीण और सामान्य इलाके आज भी बुनियादी सुधारों के लिए तरस रहे हैं।

# किडनी रोगों के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** विश्व किडनी दिवस के अवसर पर गुरुवार को अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीबीगंज में किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और स्क्रीनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह के मार्गदर्शन में तथा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधु गुप्ता की पहल पर सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. मधु गुप्ता ने सबसे पहले अंगूठे का निशान लगाकर चार्ट पर किडनी का आकार बनाने की पहल की। इसके बाद मरीजों और स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ ने भी अंगूठे के निशान लगाकर किडनी की आकृति बनाई और किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान आज मैं पर्याप्त पानी पीने और अपना ब्लड प्रेशर व शुगर नियमित जांच कराने का संकल्प लेता/लेती हूं विषय पर एक चार्ट बोर्ड लगाया गया, जिस पर उपस्थित लोगों ने हस्ताक्षर कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

### किशोरियों के लिए एचपीवी टीकाकरण शुरू

बरेली, अमृत विचार : किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सिंगल डोज ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान की तैयारी पूरी कर ली है। अगले सप्ताह महिला चिकित्सालय में इसका औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद तीन माह तक कोल्ड चेन पॉइंट वाले जिले के 27 स्वास्थ्य केंद्रों पर किशोरियों को टीका लगाया जाएगा। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को 300 बेड चिकित्सालय में 100 एएनएम को सर्वाइकल कैंसर रोधी वैक्सीन को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि 14 वर्ष से अधिक और 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को यह वैक्सीन लगाई जाएगी। टीकाकरण के लिए आयु प्रमाण पत्र और अभिभावक का सहमति पत्र अनिवार्य होगा। शासन की ओर से 13830 गार्डसिल वैक्सीन की डोज उपलब्ध कराई हैं। प्रशिक्षण के बाद एएनएम के बीच प्रतियोगिता भी कराई गई, जिसमें यूपीएचसी पुराना शहर की सोनू देवी को प्रथम, इज्जतनगर की साधना को द्वितीय और घेर जाफर खां की स्मिता गौतम को तृतीय स्थान मिला। तीनों को डीआईओ डॉ. प्रशांत रंजन ने पुरस्कार प्रदान किए।

# माननीय नहीं शुरू करा पाए कई विकास कार्य

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विधायक निधि से स्वीकृत योजनाओं में खर्च बेहद कम, बची है धनराशि
- कई काम कागजों तक सीमित, अब तक धरातल पर शुरू नहीं हुआ

**अमृत विचार :** विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि से स्वीकृत कई विकास कार्य अब तक धरातल पर शुरू नहीं हो पाए हैं। जारी प्रगति विवरण से साफ है कि कई योजनाओं में स्वीकृति मिलने के बावजूद वास्तविक खर्च बेहद कम है या शून्य के करीब बना हुआ है। इससे विकास कार्यों की रफ्तार और प्रशासनिक प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

रिकॉर्ड के अनुसार विभिन्न विकास कार्यों के लिए लाखों रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। कई योजनाओं में करीब पांच लाख रुपये तक का बजट तय किया गया, लेकिन कई स्थानों पर अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। कुछ योजनाओं में मामूली खर्च दर्ज है, जबकि अधिकांश राशि अभी भी अवशेष बनी हुई है। योजनाओं के क्रियान्वयन में सबसे बड़ी बाधा ठेके और टेंडर प्रक्रिया में हो रही देरी को भी माना जा रहा है। कई मामलों में टेंडर प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं हो पाई। इसके कारण कार्य प्रारंभ होने में देरी हो रही है। वहीं कुछ योजनाएं प्रशासनिक स्तर पर फाइलों में ही अटकी हुई बताई जा रही हैं। जिन विकास कार्यों की घोषणा की गई थी, वे अभी तक जमीन पर दिखाई नहीं दे रहे हैं। इससे लोगों में निराशा भी बढ़ रही है, क्योंकि इन योजनाओं से क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं में सुधार की उम्मीद थी।

# चालान का मैसेज भेजकर खाते से उड़ाए एक लाख रुपये

**बरेली, अमृत विचार :** साइबर ठगों ने चालान का मैसेज भेजकर युवक के खाते से एक लाख रुपये से अधिक उड़ा लिए। खाते से पैसे कटने के बाद युवक को अपने साथ हुई साइबर ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद पीड़ित ने किला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

किला थाना क्षेत्र के किला छावनी होली चौक निवासी मोहन प्रकाश राठौर ने बताया कि उसके मोबाइल नंबर पर चालान का मैसेज आया। उसे खोलते ही उसके सिविल लाइंस स्थित बैंक खाते से 24 फरवरी को 9100 रुपये कट गए। इसके बाद उसके किला स्थित बैंक खाते से 50-50 हजार रुपये करके दो बार में कुल एक लाख रुपये और कट गए। इसकी शिकायत उसने साइबर क्राइम के 1930 नंबर पर दर्ज कराई। पीड़ित ने अपने कटे रुपये वापस दिलाने की मांग को लेकर तहरीर दी।

# अवैध खनन रोकने को सभी टोल प्लाजा पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीएम ने जनपद स्तरीय कार्य बल के सदस्यों के साथ बैठक करके निगरानी बढ़ाने के दिए निर्देश
- खनन से जुड़ी धनराशि पोर्टल पर अनिवार्य अपलोड करने व सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था के निर्देश

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अवैध खनन एवं परिवहन रोकने के संबंध में जनपद स्तरीय कार्य बल (टास्क फोर्स) के सदस्यों और अवैध परिवहन के नियंत्रण के लिए चेकिंग प्वाइंटों के संबंध में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। डीएम ने अवैध खनन और परिवहन पर सख्ती करने के साथ दोनों टोल प्लाजा पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि खनन विभाग के अंतर्गत जो भी धनराशि जमा की जाती है। उसे अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड करें। इस कार्य के लिए सभी कंप्यूटर ऑपरेटरों को उचित प्रशिक्षण प्रदान करें, ताकि कार्य में पारदर्शिता बनी रहे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन टोल प्लाजा पर ओवरलोडिंग की समस्या अधिक देखने को मिल रही है, वहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करें। बरेली-नैनीताल रोड पर दो टोल प्लाजा हैं। टोल प्लाजा का सप्ताह में कम से कम तीन दिन नियमित निरीक्षण करें, ताकि अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि प्रत्येक टोल प्लाजा पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं, जिससे अवैध खनन सामग्री का परिवहन करने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं अन्य वाहनों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध रूप से मिट्टी खनन की परमिशन से संबंधित शिकायतें अधिक प्राप्त हो रही हैं। इस पर उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर एवं बहेड़ी को निर्देश दिए कि संबंधित क्षेत्रों में लेखपालों की ड्यूटी लगाकर नियमित निगरानी कराएं। शिकायत मिलने पर त्वरित आवश्यक कार्रवाई करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार, उप जिलाधिकारी बहेड़ी इशिता किशोर उपस्थित रहे।

**कार्रवाई** शत्रु संपत्तियों का सर्वे कराने के बाद तैयार की गयी मूल्यांकन रिपोर्ट

# 48 शत्रु संपत्तियों की ई-नीलामी कराने की तैयारी शुरू

राकेश शर्मा, बरेली

- लखनऊ के सर्वेयर और सुपरवाइजर भी मूल्यांकन में हुए शामिल

**अमृत विचार :** नगर निगम क्षेत्र के साथ कई शहरों में स्थित करोड़ों रुपये मूल्य की 48 शत्रु संपत्तियां नीलाम करने के लिए सर्वे के साथ मूल्यांकन कार्य भी पूरा करा लिया गया है। उप अभिरक्षक (शत्रु संपत्ति) अविनाश सिंह की अध्यक्षता वाली कमेटी ने शत्रु संपत्ति अभिरक्षक के लखनऊ कार्यालय के सुपरवाइजर व सर्वेयर के साथ संपत्तियों की मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार की। मूल्यांकन रिपोर्ट बरेली से लखनऊ कार्यालय भेजी जा चुकी है।

लखनऊ स्थित कार्यालय से इन संपत्तियों का रिकार्ड गृह मंत्रालय के भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक का कार्यालय की उस कमेटी के पास भेजने की तैयारी की जा रही है, जो मूल्यांकन रिपोर्ट का परीक्षण करेगी। इसके बाद ई-नीलामी कराने के लिए वेबसाइट पर संपत्तियों का पूरा विवरण दर्ज किया जाएगा। शत्रु संपत्ति अभिरक्षक के लखनऊ के अधिकारियों ने बताया कि नीलाम होने वाली संपत्तियों की मूल्यांकन और अन्य विवरण आईएएस स्तर के अधिकारियों की कमेटी जांचती है। उनकी रिपोर्ट आने के बाद ही गृह मंत्रालय के अधीन भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक का कार्यालय के अधिकारी ई-नीलामी की प्रक्रिया शुरू कराने की कार्यवाही शुरू करते हैं। बरेली जनपद की 48 शत्रु संपत्तियों की सर्वे के बाद मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार की गयी है, ये वे संपत्तियां हैं, जो भारत छोड़कर पाकिस्तान में बस गए। इन संपत्तियों की नीलामी प्रक्रिया मेटल स्क्रैप ट्रेड कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएसटीसी) के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाती है। लखनऊ कार्यालय के सुपरवाइजर (रिटायर्ड एडीएम) सुनील सिंह ने बताया कि 48 संपत्तियां हैं, जिनकी नीलामी कराने की तैयारी है। सर्वे के साथ मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार हो गयी है। विवरण दिल्ली भेजे जाने की तैयारी की जा रही है।

### कुछ ये संपत्तियां हैं जिनकी नीलामी होगी

जिला प्रशासन के अनुसार कुछ संपत्तियां सिजौलिया, वीरपुर, जनूबी, मऊचंद्रपुर, अवादानपुर, नगरिया सतन, मिर्जापुर और अब्दुलापुर माफी में हैं। नवाबगंज के सिजौलिया में गाटा संख्या 272, फरीदपुर के वीरपुर में गाटा संख्या 322, 312, बहेड़ी के जनूबी में गाटा संख्या 50, आंवला के मऊचंदपुर में गाटा संख्या 557 एमआई, अवादानपुर में गाटा संख्या 188, 72, 75, 71, 82, 74 नंबर और 222 केएन नंबर, नगरिया सतन में गाटा संख्या 294, 295 नंबर और मिर्जापुर में गाटा संख्या 232 एम नंबर है। सदर तहसील में अब्दुलापुर माफी में गाटा संख्या 212 नंबर शामिल हैं।

> कुछ शत्रु संपत्तियों की ई-नीलामी कराने की प्रक्रिया लखनऊ स्थित शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय के स्तर से कराई जा रही है। जनपद में बड़ी संख्या में संपत्तियां हैं जिनका पहले सर्वे कराया फिर मूल्यांकन। यहां से मूल्यांकन रिपोर्ट भेजी जा चुकी है।
>
> -**सौरभ दुबे**, एडीएम सिटी

# शत्रु संपत्ति पर बने निजी हॉस्पिटल को सीएमओ ने भेजा नोटिस

- जांच में आरोप सही साबित होने पर एडीएम सिटी ने लिखा था कार्रवाई को पत्र

**बरेली, अमृत विचार:** शत्रु संपत्ति का नाम राजस्व अभिलेखों में खारिज कर अन्य व्यक्ति को मालिकाना हक देने और उस पर निजी हॉस्पिटल बनाने की बात जांच में पुष्ट होने के बाद कार्रवाई शुरू हो गयी है। तहसीलदार सदर सहित तीन अधिकारियों की जांच रिपोर्ट के आधार पर एडीएम सिटी सौरभ दुबे की ओर से हॉस्पिटल पर कार्रवाई कराने के लिए सीएमओ को पत्र लिखा गया था। जिसके बाद सीएमओ ने से सम्बंधित अस्पताल को नोटिस जारी कर दिया है।

हजियापुर के शोएब मलिक ने जुलाई, 2025 में निजी हॉस्पिटल शत्रु संपत्ति की भूमि पर बने होने की शिकायत की थी। पिछले साल डीएम ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की। पिछले माह अधिकारियों की रिपोर्ट एडीएम सिटी को भेजी गयी। जांच रिपोर्ट में यह मामला खुला कि हॉस्पिटल गाटा संख्या 224 व 226 की 0.0195 हेक्टेयर (194.81 वर्गमीटर) भूमि पर बना है, जो अभिलेखों में शत्रु संपत्ति के रूप में दर्ज है। जांच में यह बताया गया है कि यह शत्रु संपत्ति पाकिस्तान निवासी मो.उल्ला खां के छह बेटों के नाम दर्ज है।

> निजी अस्पताल शत्रु संपत्ति पर बने होने का मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में आया था। जिस पर निजी अस्पताल को नोटिस जारी किया है। उनसे कई बिंदुओं पर जवाब मांगा है। - **डॉ. विश्राम सिंह**, सीएमओ

> निजी अस्पताल जिस भूमि पर है बना है वह शत्रु संपति की है। तीन सदस्यीय कमेटी की जांच में इसकी पुष्टि होने के बाद हॉस्पिटल पर कार्रवाई के लिए सीएमओ को पत्र लिखा है, सीएमओ के स्तर से संचालक को एक मौका देने के लिए पत्र लिखा जाएगा। सौरभ दुबे, एडीएम सिटी



## सिटी ब्रीफ

### दादी का नाम अनमोल बोलो जय दादी की ...

बरेली, अमृत विचार : रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम में दादी परिवार की ओर से गुरुवार को श्री दादी कीर्तन किया गया। रानी सती दादी का श्रृंगार किया गया। भजन गायक मुकेश सांवरिया एवं उपस्थित दादी परिवार की महिलाओं ने दादी के सुंदर भजन गाए। दादी का नाम अनमोल, बोलो जय दादी की ..., धोए धोए आंगना में आओ म्हारी दादी जी ..., दादी की कृपा उस पर थोड़ी सी खास है ... चुनरी बनाई मैया पाई-पाई जोड़ के ... भजनों को सुनकर लोग झूमने लगे। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। ऋषिकेश से पधारे स्वामी अरुणेशानंद महाराज ने दिव्य श्री राम कथा में श्री राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के विवाह प्रसंग पर विस्तार से उपस्थित भक्तों को कथा का श्रवण कराया। कार्यक्रम में आनंद आश्रम प्रबंध समिति अध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल, राजेंद्र जालान, शशि कांत मोदी, रजनीश अग्रवाल, रवि बूबना मौजूद रहे।

### नया कृष्ण भक्ति भजन 'ओ मेरे श्याम' हुआ रिलीज

बरेली, अमृत विचार : भारत की समृद्ध भक्ति परंपरा को आगे बढ़ाते हुए ''दी ग्रेट म्यूजिक क्लब'' ने नया कृष्ण भक्ति भजन ''ओ मेरे श्याम'' गुरुवार को आधिकारिक रूप से रिलीज किया। भक्तों के साथ श्याम के प्रेमपूर्ण संबंध को भावपूर्ण शब्दों और सुरीले संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। भजन को सर्वेश 'विमलासुत' ने अत्यंत सरल, मधुर और भक्तिरस से परिपूर्ण लिखा है। भजन में रुहेलखंड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ आशुतोष प्रिय ने आवाज दी है।

### लंबित भुगतान को लेकर आशा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन ने आशा कार्यकर्ताओं के लंबे समय से लंबित भुगतान और मानदेय से जुड़ी समस्याओं को लेकर गुरुवार को मुख्य चिकित्साधिकारी को ज्ञापन सौंपा। यूनियन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि आशा बहुओं की विभिन्न योजनाओं की प्रोत्साहन राशि लंबे समय से अटकी हुई है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है और परेशानी उठानी पड़ रही है। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2024-25 से लेकर जनवरी 2026 तक विभिन्न मदों की प्रोत्साहन राशि का भुगतान अभी तक नहीं किया है।

# अग्निवीर भर्ती: सपनों के ट्रैक पर 850 नौजवान दौड़े, 600 पास

## सफल अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए चिकित्सा परीक्षण में बुलाया गया



अग्निवीर भर्ती के दौरान नाप-जोख करते सेना के अफसर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• जाट रेजीमेंट सेंटर पर ट्रेड्समेन व स्टोर कीपर के पद पर हुई भर्ती

अमृत विचार : भारतीय सेना का हिस्सा बनने को नौजवान अग्निवीर भर्ती में पूरी जान झोंकते दिखाई दे रहे हैं। जाट रेजिमेंट सेंटर परिसर में आयोजित भर्ती रैली में गुरुवार को 850 युवाओं ने उम्मीद की दौड़ लगाई। 600 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। सफल अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए चिकित्सा परीक्षण में बुलाया गया है।

भर्ती कार्यालय बरेली के अंतर्गत आने वाले 12 जिलों हरदोई, पीलीभीत, सीतापुर, बरेली, बहराइच, बलरामपुर, बदायूं, फर्रुखाबाद, लखीमपुर, संभल, शाहजहांपुर और श्रावस्ती के अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। रैली में अग्निवीर ट्रेड्समेन (आठवीं और दसवीं पास) तथा अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल पदों के लिए युवाओं को बुलाया गया था। भर्ती प्रक्रिया के दौरान 850 अभ्यर्थियों ने दौड़ लगाकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। दौड़ और अन्य प्रारंभिक परीक्षणों में 600 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। सफल अभ्यर्थियों को चिकित्सा परीक्षण के लिए बुलाया गया है। सेना भर्ती कार्यालय की ओर से भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया गया। भर्ती रैली के समय जाट रेजिमेंट के सामने नकटिया रोड को वन-वे कर दिया गया। भर्ती में शामिल होने आए युवाओं के संबंधी जाट रेजिमेंट के बाहर पूरा दिन पेड़ों की छांव में डेरा डाल कर इंतजार करते दिखे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए दो प्लाटून पीएसी के साथ पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है।

### युवाओं की मदद में दौड़ीं ई-बसें

जंक्शन और बस अड्डों से भर्ती देखने आ रहे युवाओं को आसानी से जाट रेजिमेंट तक पहुंचने के लिए ई-बसों को भी लगाया गया है। आसपास के जिलों से तमाम युवा अपने साधनों से भी भर्ती में हिस्सा लेने पहुंचे। भर्ती के दौरान 23 अप्रैल तक नकटिया रोड वन-वे किया गया है। जिसे संचालित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस पूरी मुस्तैदी से तैयार दिखाई दी। इस बीच पीएसी और पुलिस लगातार सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पैनी नजर बनाए रखे।

## रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाई

बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों की वार्षिक परीक्षा 2026 के लिए परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय की ओर से सूचना जारी करते हुए छात्रों की सुविधा को देखते हुए आवेदन की अंतिम तिथि में विस्तार किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक अब अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा फार्म 13 मार्च से पुनः उपलब्ध होंगे। छात्र 25 मार्च तक ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने के साथ निर्धारित परीक्षा शुल्क भी जमा कर सकेंगे। इसके बाद भरे हुए आवेदन पत्र 27 मार्च तक संबंधित महाविद्यालय में जमा करने होंगे, जबकि महाविद्यालयों द्वारा इन आवेदनों को ऑनलाइन स्वीकृत करने की अंतिम तिथि 30 मार्च निर्धारित की गई है। परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट mjpru.samarth.edu.in और www.mjpru.ac.in/onlineexaminationform पर उपलब्ध रहेंगे। छात्र-छात्राएं परीक्षा शुल्क डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

## ग्राइंड एंड पाउंड परिसर में 'शक्ति कवि सम्मेलन' आयोजित



निवेदिता शर्मा को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• कार्यक्रम में निवेदिता शर्मा को किया गया सम्मानित

अमृत विचार : बरेली की पारंपरिक खाद्य ब्रांड ग्राइंड एंड पाउंड ने अपने यूनिट परिसर में 'शक्ति-कवि सम्मेलन' का आयोजन किया। इस दौरान बरेली की उन महिलाओं को सम्मानित भी किया गया, जिन्होंने अपने कार्य, समर्पण और उपलब्धियों से समाज में एक प्रेरक पहचान बनाई है।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवि सुनीत बाजपेयी, अखिलेश ठाकुर और उन्नति राधा शर्मा ने अपनी भावपूर्ण कविताओं से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर बरेली की निवेदिता शर्मा को सम्मानित किया गया। यह संध्या कविता, संस्कृति और सम्मान का एक सुंदर संगम रही, जहां बरेली के नागरिकों ने मिलकर शब्दों की महक और समाज की सच्ची शक्तियों का उत्सव मनाया।

ग्राइंड एंड पाउंड के संस्थापक हिमांशु पोखरिया ने कहा कि हमें स्वस्थ्य समाज के निर्माण के लिए बुजुर्गों के बताये शुद्ध भोजन की आवश्यकता है। उन्होंने कंपनी के खाद्य उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया और शुद्धता की भी जानकारी दी। इस अवसर पर उद्यमी रवि अग्रवाल (गट्टूमल), डॉ. विमल भारद्वाज, संजीव मिश्रा, अंकुर सक्सेना, पवन सक्सेना, कुलभूषण शर्मा समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मेघनाद वध के साथ थमा रणनाद

• रावण वध और पुतला दहन संग आज होगा भव्य दशहरा मेला

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मेघनाद वध का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

अमृत विचार: ब्रह्मपुरी में आयोजित ऐतिहासिक 166वीं रामलीला में गुरुवार को मेघनाद वध और सुलोचना सती की मार्मिक लीला का मंचन किया गया। गुरु व्यास मुनेश्वर ने प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि कुंभकर्ण के वध के बाद रावण ने अपने पुत्र मेघनाद को युद्धभूमि में भेजा। मेघनाद अत्यंत पराक्रमी योद्धा था, जिसे देवता, गंधर्व और दानव भी पराजित नहीं कर सकते थे। इसी कारण उसे इंद्रजीत की उपाधि स्वयं ब्रह्मा ने प्रदान की थी।

उन्होंने बताया कि युद्ध के पहले दिन मेघनाद ने श्रीराम और लक्ष्मण को नागपाश में बांध दिया था, जिन्हें बाद में गरुड़ देव ने मुक्त कराया। दूसरे दिन उसने शक्तिबाण से लक्ष्मण को मूर्छित कर दिया था, जिनके प्राण संजीवनी बूटी से बच पाए। बाद में मेघनाद निकुंभला देवी का यज्ञ कर रहा था, जिसके पूर्ण होते ही उसे पराजित करना असंभव हो जाता। लक्ष्मण ने यज्ञ को अपूर्ण कर दिया और भीषण युद्ध के बाद प्रतिज्ञा लेकर छोड़े गए बाण से मेघनाद का वध कर दिया। लीला में बताया कि मेघनाद की पत्नी सुलोचना, जो शेषनाग वासुकी की पुत्री थी, ने पति की वीरगति के बाद सती होकर पतिव्रता धर्म का उदाहरण प्रस्तुत किया। रामलीला समिति के प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि शुक्रवार को दशमी तिथि पर रावण वध लीला, पुतला दहन और भव्य दशहरा मेले का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष राजू मिश्रा ने कुंभकर्ण दहन में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## स्वच्छता अभियान व नशा मुक्ति रैली से किया जागरूक

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की छात्र इकाई द्वितीय एवं तृतीय के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन गुरुवार को स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान और नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली। उन्होंने समाज को स्वच्छ और नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. ओपी राय के संरक्षण में आयोजित हुआ। डॉ. यशार्थ गौतम ने कहा कि नशा आज समाज के लिए गंभीर समस्या बन चुका है, जो विशेष रूप से युवाओं के भविष्य को प्रभावित करता है, इसलिए युवाओं को स्वयं नशे से दूर रहकर समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलानी चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बृजवास कुशवाहा ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन का आधार है।

## बालिका वर्ग के एकल में शिवांगी प्रथम

• स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जनपद स्तरीय जूनियर वर्ग प्रतियोगिता में दिखाय दम

कार्यालय संवाददाता, बरेली



फुटबाल प्रतियोगिता में दमखम दिखातीं खिलाड़ी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : खेल निदेशालय की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जनपद स्तरीय जूनियर वर्ग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में गुरुवार को फुटबाल, बैडमिंटन और हैंडबॉल प्रतियोगिताएं हुईं। फुटबॉल प्रतियोगिता बालिका वर्ग में 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में एकल मुकाबलों में शिवांगी प्रथम, प्राप्ति सिंह द्वितीय एवं चेतना तृतीय स्थान पर रही।

युगल वर्ग में रिया-शिवांगी प्रथम, चेतना संजना द्वितीय एवं रिद्धि सुहानी तृतीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग एकल मुकाबले में कृष्णा कश्यप ने पहला, अंश वर्मा ने दूसरा एवं पारस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालक युगल मुकाबले में पारस अंश पहले, अरुल-सार्थक दूसरे एवं अविदान-मृत्युंजय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं हैंडबॉल बालिका वर्ग प्रतियोगिता में कुल छह टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसके फाइनल मुकाबले में स्टेडियम ए स्टेडियम बी को हराकर विजेता बनी। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला स्पोर्ट्स स्टेडियम ट्रेनीज व आर्मी पब्लिक स्कूल के बीच हुआ, जिसमें स्पोर्टस स्टेडियम ट्रेनीज 2-0 से विजेता रही। दूसरा मुकाबला स्टार फुटबॉल क्लब और स्पोर्ट्स स्टेडियम ट्रेनीज बी के बीच खेला गया, जिसमें स्टेडियम ट्रेनीज ने जीत दर्ज की। पहले सेमी फाइनल मुकाबले में स्पोर्ट्स स्टेडियम ट्रेनीज ए ने गोकुलम स्टार को दूसरे सेमीफाइनल में स्टार इलेविन को स्पोर्ट्स स्टेडियम ट्रेनीज बी ने जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच स्पोर्ट्स स्टेडियम ट्रेनीज टीम ए और स्पोर्ट्स स्टेडियम ट्रेनीज टीम बी के मध्य खेला गया।

## मैक्सालाइफ अस्पताल में रोज़ा इफ्तार



मैक्स लाइफ अस्पताल में रोजा इफ्जार में शामिल अकीदतमंद। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: पवित्र रमज़ान माह में मैक्सा लाइफ हॉस्पिटल में सामूहिक रोज़ा इफ्तार का आयोजन किया गया। इसमें अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों ने साथ बैठकर इफ्तार करके आपसी भाईचारे और एकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक डॉ. अनीस बेग ने कहा कि हमारा पूरा हॉस्पिटल स्टाफ एक परिवार की तरह है। रमज़ान का महीना हमें इंसानियत, सेवा और आपसी प्रेम का संदेश देता है। ऐसे आयोजनों से आपसी संबंध और भी मजबूत होते हैं। डॉ. अनीस बेग ने कहा कि मरीजों की सेवा ही हमारा सबसे बड़ा धर्म है। इफ्तार में अस्पताल के सभी विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने इफ्तारी के बाद एक-दूसरे को रमज़ान की मुबारकबाद दी। इससे पूर्व सभी ने मिलकर देश में अमन, शांति और तरक्की की दुआ की। कार्यक्रम में पूरा हॉस्पिटल परिवार शामिल रहा।

### सपा कार्यालय में रोजा इफ्तार, दिखी हिंदू-मुस्लिम एकता

बरेली, अमृत विचार : मिशन कंपाउंड स्थित सपा कार्यालय पर गुरुवार को रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी की मेजबानी और महानगर महासचिव पंडित दीपक शर्मा के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शिरकत कर 'गंगा-जमुनी तहजीब' की मिसाल पेश की। इफ्तार के बाद मौलाना इंजीनियर शोहेब रजा खान ने मगरिब की नमाज अदा कराई।

## सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में गुरुकुल के छात्रों का परचम



सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफल बच्चों का उत्साहवर्धन किया। ● अमृत विचार

बरेली: रामपुर गार्डन स्थित गुरुकुल नेशनल अकादमी के अनेक छात्र-छात्राएं सैनिक स्कूल एवं आर.एम.एस. प्रवेश परीक्षा में चयनित हुए हैं। संस्थान के डायरेक्टर राहुल चौहान ने बताया कि अकादमी से विहान अजमेरा, आद्रिक भद्रा, सान्वी पटेल, संस्कृति सिंह, अंश यादव, तोयेश प्रताप सिंह, रित्विक शॉ, डेनियल जॉनसन का चयन हुआ।

श्रीचौहान ने बताया कि अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित सैनिक स्कूल एवं आरएमएस प्रवेश परीक्षा में कक्षा 6 एवं कक्षा 9 में बालक एवं बालिकाओं को लिखित परीक्षा, साक्षात्कार और मेडिकल जांच के बाद प्रवेश मिलता है। उन्होंने बताया कि संस्थान डिफेंस प्रवेश परीक्षा NDA, CDS, AFCAT, SSB, RIMC, Military स्कूल एवं Sainik स्कूल की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करवाता है।

## सिटी डायरी

### पूर्व सैनिकों ने किया होली मिलन कार्यक्रम



बरेली, अमृत विचार : अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद एवं पूर्व सैनिक कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को लाल फाटक स्थित एक निजी हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमांडर सतीश कुमार रहे। कमांडर ने पूर्व सैनिकों से संगठनात्मक एकता बनाए रखने का आह्वान किया। इस दौरान होली के गीतों के साथ फूलों की होली खेली गई, सभी ने मिलकर आनंदपूर्वक नृत्य करते हुए एक-दूसरे को गले लगाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आरएल पाठक, श्याम सिंह, धनंजय शर्मा, प्रथमेश गुप्ता, राधेश्याम, महाराज सिंह, वंदन सिंह मौर्य, बाबूलाल और उमेश चंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष यसवीर सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### अनाथालय के बच्चों को स्टेशनरी एवं खेल सामग्री बांटी



बरेली, अमृत विचार : भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय प्रथम ने गुरुवार को आर्य समाज अनाथालय में बच्चों के लिए उपयोगी सामग्री का वितरण किया। केंद्रीय लेखा परीक्षा कार्यालय लखनऊ मंडल के महाप्रबंधक ध्रुव चरन बाल और सहायक महाप्रबंधक संजय बंसल की देखरेख में हुए कार्यक्रम में बच्चों को उनकी पढ़ाई और दैनिक उपयोग के लिए स्टेशनरी सामग्री, खेल-कूद से संबंधित सामग्री और गर्मी के दृष्टिगत कूलर प्रदान किया। कार्यक्रम में बरेली मॉड्यूल के उप महाप्रबंधक सुमन बक्शी, क्षेत्रीय प्रबंधक नीरज कुमार राय, अनाथालय के प्रधान आचार्य ओमकार आदि बैंक के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बच्चों से संवाद कर उन्हें शिक्षा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### राष्ट्रीय सेवा योजना में मादक पदार्थों की जानकारी दी



बरेली, अमृत विचार : वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय में गुरुवार को एनएसएस का एक दिवसीय शिविर लगा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अन्नू महाजन और डॉ. सुरभि श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रथम एवं द्वितीय इकाई के इस शिविर की शुरुआत छात्राओं ने स्वच्छता अभियान से की। जिसमें छात्राओं ने पर्यावरण को साफ रखने का संदेश दिया। बौद्धिक सत्र के विषय नशा मुक्त भारत में महाविद्यालय की डॉ. निशा वर्मा ने छात्राओं को विभिन्न मादक पदार्थों के बारे में बताते हुए उनसे होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में डॉ. प्रद्युम्न कुमार का सहयोग रहा।

विश्व ग्लूकोमा दिवस | ग्लूकोमा को कहा जाता है 'दृष्टि का मौन चोर' या 'नजर का छिपा हुआ दुश्मन'

## दृष्टि रोगकारक ग्लूकोमा के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बरेली



ग्लूकोमा के प्रति जागरूक करते रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

अमृत विचार: रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में विश्व ग्लूकोमा दिवस के अवसर पर शालाक्य तंत्र विभाग ने एनएसएस यूनिट-चार के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्लूकोमा जैसी दृष्टि को प्रभावित करने वाली बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत शालाक्य तंत्र विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. तरुण कुमार द्विवेदी ने किया। उन्होंने संबोधन में बताया कि ग्लूकोमा को 'दृष्टि का मौन चोर' या 'नजर का छिपा हुआ दुश्मन' कहा जाता है, क्योंकि इसके प्रारंभिक लक्षण स्पष्ट नहीं होते और समय पर जांच न होने पर दृष्टि हानि हो सकती है अर्थात् रोगी अंधा हो सकता है। कार्यक्रम में लगभग 10 छात्रों ने डिजिटल एवं चार्ट के माध्यम से पोस्टर प्रस्तुत कर ग्लूकोमा के कारण, जोखिम कारक, बचाव और समय पर नेत्र जांच के महत्व को समझाया। एनएसएस यूनिट-4 के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम के आयोजन में सक्रिय सहयोग दिया एवं चिकित्सालय में आये अन्य मरीजों को भी इस खतरे से आगाह किया। अंत में शालाक्य तंत्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अजय विस्वम ने समापन वक्तव्य देते हुए छात्रों के प्रयासों की सराहना की और नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. डॉ सौरभ कुमार ने की।

## बच्चों को श्रीराम के आदर्शमयी चरित्र से अवगत कराया

बरेली, अमृत विचार : एलएसआरबी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हररामपुर में हुई बालसभा में बच्चों को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के संस्कारों से अवगत कराया। बाल रामायण की ओर से हुए कार्यक्रम में डॉ दीपांकर गुप्त ने बच्चों को बताया कि श्रीराम सनातन धर्म के प्राण हैं। प्रभु राम के बिना हिंदू धर्म का कोई अस्तित्व नहीं है। आज के संदर्भ में विशेषकर नई पीढ़ी में सनातन संस्कृति की भावना के साथ संस्कारों और परंपराओं का ज्ञान होना जरूरी है। बच्चों को श्री राम के आदर्शमयी जीवन चरित्र से अवगत कराया। प्रधानाचार्य सुमन गुप्ता, माखनलाल एवं अध्यापिका स्नेहा सिंह उपस्थित रहे। वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि भावी पीढ़ी को प्रभु श्री राम के चरित्र से यदि अवगत कराया जाए तो निश्चित रूप से बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार आना सुनिश्चित हैं।